## जाम से वाहन चालकों को कब मिलेगी राहत

### जाम में फस रहीं एम्बुलेस और एमरजेंसी वाहन, सुबह और शाम को बिगड़ती है स्थिति

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, शहर में लगने वाले जाम से वाहन चालको को राहत नही मिल रही है. कई ऐसे प्रमुख चौराहे और मार्ग है जहा सुबह और शाम जाम लगना आम बात हो गई. लेकिन इस समस्या से निपटने प्रशासन कोई ठोस कदम नही उठा रहा है. जिससे वाहन चालको को जाम के झाम से राहत मिल सके.**



शहर के धोबिया टंकी और अस्पताल चौराहे में सबसे ज्यादा जाम की स्थित बन रही है. जबकि यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है और अस्पताल होने के वजह से एम्बुलेंस का भी आना जाना बना रहता है. रविवार की शाम धोबिया टंकी चौराहे में लगे भीषण जाम में मरीज को अस्पताल लेकर जा रही एम्बुलेंस भी फसी रही और मरीज एम्बुलेंस में कराहता रहा. इसी तरह अस्पताल चौराहे से प्रकाश चौराहा होकर जयस्तंभ जाने वाले मार्ग में आये दिन जाम लग रहा है. यही हाल बस स्टैण्ड, अमहिया मार्ग, सिरमौर चौराहा और अन्य कई चौराहो का है. शहर में यातायात पुलिस तो है लेकिन वह कही दिखाई नही देती है. अगर पुलिस कही दिखती भी है तो सिर्फ वाहनों की चेकिंग में देखी जा सकती है, शहर में लगने वाले जाम से कोई लेना देना नही है. वाहन चालक खुद ही जाम खुलवाने मसक्कत करते रहते है.

**सड़क पर फैली दुकाने और ठेले जाम का कारण**-शहर में जाम का मुख्य कारण सड़क तक फैली दुकाने और ठेले बन रहे है. दुकान संचालक दुकानो के बाहर तक सामान फैला लेते है और खरीददारी करने पहुंच रहे लोग सड़क पर वाहन खड़ा कर देते है. जिसकी वजह से जाम की समस्या बनती है. इसी तरह शहर में फलों के ठेले भी जाम का मुख्य कारण बन रहे है. ठेले वाले सड़क पर ही ठेले खड़ा कर अपना व्यापार कर रहे है. जिसके चलते आये दिन जाम की समस्या बन रही है.

## रीवा को फिर मिली तैराकी की सुविधा

रीवा, 7 जून, नगर निगम रीवा ने नगरवासियों को एक बड़ी सुविधा देते हुए मिहिर सेन तरणताल 8 जून से आम जनता के लिए पुन: प्रारम्भ कर रहा है. नगर निगम द्वारा शहरवासियों को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं मनोरंजन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मिहिर सेन तरणताल का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है. निगम प्रशासन ने नागरिकों के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसके माध्यम से इच्छुक व्यक्ति मासिक सदस्यता प्राप्त कर अथवा दैनिक शुल्क जमा कर तरणताल की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे.तरणताल में प्रवेश हेतु दो प्रकार के पैकेज उपलब्ध कराए गए हैं. मासिक सदस्यता पैकेज के अंतर्गत रू. 2,500 प्रति व्यक्ति प्रतिमाह शुल्क निर्धारित किया गया है, जो माह के प्रारम्भ में अग्रिम रूप से जमा करना अनिवार्य होगा. मासिक सदस्य को प्रतिदिन एक बार तथा अधिकतम एक घंटे तैरने की पात्रता होगी.

## नालों की सफाई, लेकिन अतिक्रमण पर कुछ नहीं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, नगर निगम द्वारा बरसात के पहले शहर के बड़े नालो की सफाई कराई जा रही है. लेकिन इन नालों पर किये गये अतिक्रमण को चिन्हित कर कार्यवाही नही की जा रही है. यही वजह है कि नालों और नालियों पर किये जा रहे अतिक्रमण बाढ़ और जल भराव का कारण बन रहे है.**



शहर के अमहिया नाला, झिरिया नाला, पचमठा नाला सहित कई ऐसे नाले है जहा लगातार अतिक्रमण कर निर्माण कराया जा रहा है. लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है. नगर निगम द्वारा चैन पुलिंग मशीन की सहायता से शहर के प्रमुख अमहिया बड़े नाले की व्यापक सफाई कराई जा रही है. अभियान के तहत नाले में जमा गाद, प्लास्टिक, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु बनाए रखने का कार्य किया जा रहा है. इसके साथ नाला गैंग द्वारा वार्ड क्रमांक 22 स्थित डॉ. कॉलोनी के बड़े नाले की सफाई कराई गई. वार्ड क्रमांक 8 के आनंद नगर क्षेत्र में स्थित बड़े नाले की भी सफाई कराई गई. सफाई के दौरान नालों में जमा मलबा एवं कचरा निकालकर उसका तत्काल उठाव कराया गया.

गौरतलब है कि नगर निगम द्वारा बरसात शुरू होने से पहले ही नालों की सफाई शुरू करा दी गई. लेकिन नालों पर किये गये अतिक्रमण को नही हटाया जा रहा है. जबकि नालों पर किये गये अतिक्रमण ही बरसात में जलभराव का कारण बनते है और स्थित बिगड़ती है. वही शहर की कई ऐसी नालियां है जहा चेम्बर हटाकर सफाई नही की जा रही है. खुली नालियों की सफाई कर कर्मचारी खानापूर्ति कर लेते है. लेकिन जो नालियां बंद है उन पर ध्यान ही दिया जाता है. जबकि इसकी शिकायत सफाई दरोगा से लेकर नगर निगम के अधिकारियों से भी की जाती है.

## संक्षिप्त

### जनजातीय आयोग के अध्यक्ष आज आएंगे रीवा

**रीवा.** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल दो दिवसीय प्रवास पर 8 जून को रीवा आएंगे. श्री रौतेल 8 जून को शाम 4 बजे अनूपपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर रात 8 बजे रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे. श्री रौतेल 9 जून को सुबह 10 बजे रीवा से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे त्योंथर पहुंचकर भगवान बिरसा मुण्डा शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे. कार्यक्रम के बाद श्री रौतेल रीवा पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे.

### टीएल बैठक आज

**रीवा.** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 8 जून को सुबह 10.30 बजे से टीएल बैठक आयोजित की गई है. टीएल बैठक के बाद दोपहर 12 बजे से डीएलसीसी की बैठक भी आयोजित की गई है. बैठक में स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी. संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.

### विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**रीवा.** कृषि विज्ञान केन्द्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया. इस अवसर पर केंद्र में पौध रोपण किया गया. जिसमें जिसमे केंद्र प्रमुख डा. एके पांडेय के साथ-साथ सभी वैज्ञानिक एवं अधिकारी गण भाग लिए. केंद्र प्रमुख ने बताया कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए आज हर व्यक्तित को अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे प्रकृतिक में संतुलन बना रहे और तापमान स्थिर रहे. प्रथम पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 को मनाया गया था जिसका उद्देश्य प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और जैव विविधता के नुकसान जैसे गंभीर मुद्दों पर आम जनमानस को एवं सरकारों का ध्यान आकर्षित करना था वर्तमान समय में 2026 की थीम 'प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए' है. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के नेतृत्व में इस वर्ष का आधिकारिक हैशटैग अब जलवायु के लिए रखा गया है, जो जलवायु परिवर्तन की तात्कालिकता और उससे निपटने के लिए त्वरित वैश्विक कार्रवाई पर केंद्रित है.

### शव वाहन के लिए टोल फ्री नंबर 155334 पर करें संपर्क

**रीवा.** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क शव वाहन सेवा निरंतर बेहतर ढंग से संचालित की जा रही है. इस सेवा के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में त्वरित एवं सम्मानजनक सहायता प्रदान की जा रही है. इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह सेवा अस्पताल से मृतक के गृह ग्राम तक सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक परिवहन सुनिश्चित कर रही है, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिल रही है. नोडल अधिकारी 108 और शव वाहन सेवा ऋषिराज गौतम ने बताया कि जिले में शव वाहन की मॉनिटरिंग सतत रूप से की जा रही है. कॉल प्राप्त होते ही प्राथमिकता के आधार पर वाहन उपलब्ध कराया जाता है. आमजन से अपील है कि निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों नि:शुल्क कॉल सेन्टर नंबर 155334 तथा 9644453956, 7880094831 पर ही संपर्क करें, ताकि सेवा का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सके. शव वाहन सेवा का उपयोग केवल जिले के अंदर स्वास्थ्य संस्था से मृतक के गृह ग्राम तक परिवहन के लिए किया जाएगा.

### उच्च स्तरीय समिति की बैठक 10 को

**रीवा.** मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 10 जून को सुबह 10.30 बजे ये कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता उच्च स्तरीय समिति के सदस्य कानूनविद् अनूप नायर करेंगे. प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने समिति के सदस्यों से पहुंचने की अपील की है.

### ऑडिशन में 97 प्रतिभागी फाइनल के लिए चयनित

**रीवा.** सांस्कृतिक संस्था डीसेंट डान्स परिवार द्वारा आयोजित होने वाली विंध्य डान्स चैंपियनशिप 2026 के लिए रविवार को ब्लैक पैंथर डान्स अकादमी, चक्रधर सिटी में ऑडिशन का आयोजन किया गया. ऑडिशन में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. ऑडिशन में कुल 163 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक सत्यम, शिवांजलि गुप्ता एवं आकाश तिवारी ने 97 प्रतिभागियों का चयन आगामी फाइनल राउंड के लिए किया. कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की डायरेक्टर एकता वर्मा, आयोजक राजीव वर्मा, अभय कश्यप, कोषाध्यक्ष संतोष जायसवाल, निशी वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई. 14 जून कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में चैंपियनशिप का फाइनल आयोजित किया जाएगा.

## कोलगढी त्योंथर में 9 को होगा कोल महा सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 7 जून, भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर त्योंथर क्षेत्र की ऐतिहासिक कोलगढ़ी में 9 जून को कोल महा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है.**

इतिहास गवाह है, जो समाज अपनी विरासत भूल जाता है, उसका अस्तित्व मिट जाता है. इसी क्रांतिकारी संदेश के साथ रीवा जिले की त्योंथर की पावन धरा पर आगामी 9 जून को एक ऐतिहासिक 'कोल महासम्मेलन' का आयोजन होने जा रहा है. यह कार्यक्रम त्योंथर कोलगढ़ी के प्रांगण में सम्पन्न होगा.

इस महासम्मेलन को लेकर पूरे रीवा संभाग सहित आसपास के क्षेत्रों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और समाज के भीतर एक अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रह है.

उक्त आशय की जानकारी कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट शिवांशु कोल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आदिवासी युवा मंच (बिरसा मुंडा) देते हुए बताया है कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामलाल रौतेल (अध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य जनजाति आयोग - कैबिनेट मंत्री दर्जा) कार्यक्रम अध्यक्ष: भैयालाल कोल (सेवानिवृत्त जिला सत्र न्यायाधीश) कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट शिवांशु कोल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आदिवासी युवा मंच (बिरसा मुंडा) करेंगे. कार्यक्रम को लेकर लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है.

## सब्जी मंडी में दुकान संचालकों की मनमानी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, शहर की मुख्य सब्जी मंडी में दुकान संचालको की मनमानी का खामियाजा ग्राहको को भुगतना पड़ रहा है.**

यहा दुकान संचालको की मनमानी इस कदर हावी है कि लोगो को निकलने तक में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. दुकान संचालक सड़को तक दुकान फैला लेते है और ऊपर से पन्नी-तिरपाल लगा लेते है. जिससे लोगो को निकलने में खासा परेशानियों का सामना करना है. हालत यह है कि अगर कोई मोटर साइकल से खरीददारी करना चाहे तो यह संभव ही नही है.


दुकान संचालको की मनमानी इस कदर है कि नगर निगम अमला कार्यवाही करने पहुंचता है तो दुकाने समेट लेते है लेकिन अमले के जाते ही फिर से दुकाने फैला लेते है.

## खनन और ब्लास्टिंग से ग्रामीणों का जीवन खतरे में

### विरोध करने पर मिलती है धमकी

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 7 जून, हनुमना तहसील क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि खनन और स्टोन क्रशर गतिविधियों के कारण उनका जीवन संकट में पड़ गया है. आदिवासियों का कहना है कि खदानों में होने वाली ब्लास्टिंग इतनी नजदीक होती है कि पत्थर उनके घरों और यहां तक कि खाने की थाली तक आकर गिर जाते हैं.**



सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक व्यक्ति रिवॉल्वर दिखाते हुए नजर आ रहा है. वीडियो में आदिवासियों द्वारा हथियार लेकर आने पर सवाल पूछे जाने पर कथित तौर पर वह कहता है, 'राइफल मेरी सुरक्षा के लिए है, तेरे लिए 500 रुपये की गोली थोड़ी खर्च करूंगा. ग्रामीणों का आरोप है कि इस तरह उन्हें लगातार डराया और धमकाया जाता है. ग्रामीणों का कहना है कि खदानों और क्रेशरों के कारण क्षेत्र का पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हुआ है. उनका दावा है कि गोवंश और वन्यजीवों की संख्या लगातार घट रही है और यदि यही स्थिति रही तो आदिवासी परिवारों का यहां रहना मुश्किल हो जाएगा. कलेक्ट्रेट पहुंची एक करीब 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने हाथ जोड़कर प्रशासन से मदद की अपील की. महिला का कहना है कि ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर घरों तक पहुंच जाते हैं और कई बार लोग खाना खाते समय भी सुरक्षित नहीं रहते. उनका आरोप है कि ब्लास्टिंग के समय ग्रामीणों को जबरन घरों से बाहर निकाला जाता है, जबकि छोटे-छोटे बच्चे अपनी सुरक्षा के लिए गांव से दूर पेड़ों के नीचे समय बिताने को मजबूर होते हैं. महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों पर मदद का आश्वासन तो मिलता है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाता. ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सीधी जिले के हरदी में स्थापित सिद्धिविनायक स्टोन क्रशर, सरदमन गांव स्थित बालाजी माइंस से पत्थर लेता है.

आदिवासी समाज का कहना है कि स्वीकृत क्षेत्र से हटकर आदिवासी बस्तियों के समीप अवैध उत्खनन किया जा रहा है. आदिवासियों का आरोप है कि हरियाणा निवासी कुछ लोग हथियारों के साथ गांव में आते हैं, नियमों के विपरीत कभी भी ब्लास्टिंग कराते हैं और ग्रामीणों को घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर करते हैं. आये दिन मौत का खतरा बना रहता है.

### ग्रामीणों का आरोप मदद के लिए कोई सामने नहीं आता

ग्रामीणों का कहना अगर सरकार और प्रशासन हमारी मदद नही करता तो हमारे पास सिर्फ पलायन ही एक मात्र रास्ता है. ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि खदानों और क्रेशरों से उड़ने वाली धूल के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है. उनका कहना है कि क्षेत्र में सांस संबंधी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं और प्रदूषण के कारण सामान्य जीवन प्रभावित हो गया है.

## हैरियर कार सवारों ने स्कॉर्पियो वालों को बीच सड़क पर पीटा, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, शहर की कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है. बदमाशो में पुलिस का कोई खौफ नही रह गया है. आये दिन लूट, चोरी, मारपीट जैसी घटनाएं सामने आ रही है. जिससे लोग अब अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे है.**

रविवार को रीवा शहर के व्यस्त मृगनैनी चौराहे पर दिनदहाड़े गुंडागर्दी से हड़कंप मच गया. काले रंग की हैरियर गाड़ी में सवार बदमाशों ने बीच चौराहे पर दूसरी कार में सवार लोगो पर हमला कर दिया. आरोपियों ने स्कॉर्पियो में सवार चार लोगों को निशाना बनाया. हमले में रीवा के एक वरिष्ठ अधिवक्ता के भतीजे सुधांशु सिंह सहित अन्य लोग घायल हो गए. बदमाशों ने मारपीट के साथ स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ भी की. घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई. लोग इधर-उधर भागते नजर आए. घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है. सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी. आरोपियों की तलाश जारी है. मौके पर मौजूद लोगो की माने तो मामूली सी बात को लेकर शुरू हुई बहस मारपीट तक पहुंच गई. हैरियर कार में सवार युवको ने स्कार्पियों सवार लोगो के साथ बेल्ट और लात घूंसों से मारपीट की. बीच शहर मारपीट की इस घटना के दौरान मौके पर हडकम्प की स्थित बनी रही. लोग इधर-उधर भागते नजर आए. लेकिन दबंग युवको में किसी का ड़र नही दिख रहा था.

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

शहर से गोविंदगढ़ जा रहा बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया. सड़क पर अचानक मवेशी आ जाने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया और चालक सड़क पर जा गिरा. जिससे उसको चोटे पहुंची और स्थानीय लोगो ने उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया. जानकारी के अनुसार अमित वर्मा किसी काम से शहर आया हुआ था और काम निपटाने के बाद शाम को वापस गोविंदगढ़ जा रहा था. लेकिन सिलपरा के आगे पहुंचते ही मवेशी सड़क पर आ गये जिससे बाइक सवार को संतुलन बिगड़ गया और वह हादसे का शिकार हो गया. स्थानीय लोगो ने घायल को सम्भाला और उपचार के लिये अस्पताल भेजा.

## पहले चोरी फिर तलवार दिखाकर पीड़ित को धमकी

हनुमना, 7 जून, शाहपुर थाना क्षेत्र में लगातार हो रही आपराधिक वारदातो ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये है. क्षेत्र के बेलौही कुमरान गांव पहले बकरा चोरी हुआ और जब चोरी की चर्चा गांव में फैलने लगी तो आरोपी पक्ष ने बकरे के मालिक के परिवार को ही निशाना बना लिया. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक युवक खुलेआम तलवार लहराते हुए दिखाई दे रहा है. आरोप है कि मंगोलन यादव पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया. दिनदहाड़े तलवार लेकर घूमते और हमला करने की कोशिश करते लोगों के वीडियो अब सोशल मीडिया की सुर्खियां बन रहे हैं. पीड़ित पक्ष का आरोप है कि वह न्याय की उम्मीद लेकर शाहपुर थाने पहुंचा, लेकिन कार्रवाई का इंतजार कर रहा है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या गरीब और आम नागरिक की सुरक्षा केवल कागजों तक सीमित है? जब खुलेआम तलवारें लहराई जाएं, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हों और पीड़ित कार्रवाई का इंतजार करता रहे, तब कानून-व्यवस्था के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है.

## पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आज

रीवा, 7 जून, प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. जिला इकाई रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि 8 जून 1 बजे दोपहर को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में पेंशनरों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई. बैठक में पेंशनरों की समस्याओं सहित सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की जाएगी. बैठक में जिलाध्यक्ष द्वारा तहसील/ विकासखण्ड के अध्यक्षों एवं पेंशनर साथियों से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है.

## संभागीय आईटीआई में चयन मेला आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, संभागीय शासकीय आईटीआई रीवा में ट्रेनी पद के लिए चयन मेला 8 जून को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है.**

इसमें निजी संस्था हीरो मोटोक्रॉप लिमिटेड निमराना राजस्थान द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाएगा. प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया कि चयन मेले में प्रशिक्षण प्राप्त सभी प्रशिक्षणार्थी महिला एवं पुरूष शामिल हो सकते हैं. उम्मीदवार की आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए. वर्ष 2026 की फाइनल परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी भी चयन मेले में शामिल हो सकते हैं. इसके लिए उम्मीदवार को अपने शैक्षणिक दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ चयन मेले में शामिल होना होगा. चुने गए उम्मीदवारों को मानदेय के रूप में 18258 रुपए दिए जाएंगे, जिसमें भविष्य निधि की राशि भी शामिल है. संभागीय आईटीआई में दो जून को आयोजित चयन मेले में 134 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया.

## सफदर हाशमी सम्मान से सम्मानित हुए मनोज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित सफ़दर हाशमी सम्मान वर्ष 2021 से रंगकर्मी मनोज को सम्मानित किया गया.**



राजधानी लखनऊ के लोक भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया.

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा रंगमंच एवं नाट्यकला के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले कलाकारों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है. इस अवसर पर अकादमी अध्यक्ष प्रोफेसर जयंत खोत, उपाध्यक्ष विभा सिंह, राज्यपाल के विशेष सचिव सुधीर बोवड़े, संस्कृति विभाग के विशेष सचिव संजय प्रसाद और अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर उपस्थित हुए. वर्ष 2021 से 2024 के लिए 51 कलाकारों को सम्मानित किया गया.

## जिले में 12 से 18 जून तक लगेंगे जनकल्याण शिविर

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 7 जून, जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 जून से 18 जून तक विकासखण्ड मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे.**

इन शिविरों में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का विभागवार पंजीयन किया जाएगा. शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना, व्हीबी जीरामजी योजना के छूटे हुए हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा. इन शिविरों में एसडीएम तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम में लंबित प्रकरणों का निराकरण करेंगे. इन शिविरों के आयोजन के लिए विकासखण्ड स्तर पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे. सभी एसडीएम शिविरों के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें तथा शिविरों की मानीटरिंग करें. कलेक्टर ने बताया कि जिले में 19 एवं 20 जून को प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी. कार्यशालाओं में कृषि, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण से जुड़े अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी देंगे.

## आरओ वाटर एटीएम की हुई सफाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 7 जून, महापौर एवं निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रीवा द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित आरओ वाटर एटीएम प्लांटों का नियमित संचालन एवं रखरखाव किया जा रहा है.**

इसी क्रम में प्रत्येक रविवार को सभी आरओ वाटर एटीएम के टैंकों, उपकरणों की विशेष व्यापक साफ-सफाई, धुलाई एवं तकनीकी निरीक्षण का कार्य किया जाता है,

ताकि नागरिकों को उच्च गुणवत्ता का पेयजल निरंतर उपलब्ध कराया जा सके. नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित आरओ वाटर एटीएम के माध्यम से लोगो को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है.